FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी

संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना उत्तर दिनांक 24-05-2025 जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा कल दिनांक 23-05-2025 को भरतनगर देशी शराब के ठेके के पास संजय उर्फ संतू यादव की हत्या करने वाले मुख्य अभियुक्त रामलखन को आलाकत्ल सहित 24 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार।

दिनांक 23.05.2025 को थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत भरतनगर देशी शराब के ठेके के पास हुई कहासुनी में एक व्यक्ति संजय उर्फ संतू यादव की चाकू से हत्या कर दी गयी थी। उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मामले में वादी श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री अर्जुन सिंह नि0 ग्राम ककरऊ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 317/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत करते हुए उक्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु व घटना का सफल अनावरण करने हेतु दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस पतारसी सुरागरसी के आधार पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले अभियुक्त रामलखन पुत्र कुंवर बहादुर निवासी झलकारी नगर गली नं0.04 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को दखल चौराहे नाले के पास से दिनांक 24.05.2025 को सुबह समय 09.45 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद छुरा (आला कत्ल) बरामद हुआ। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:-

अभियुक्त रामलखन पुत्र कुंवर बहादुर निवासी झलकारी नगर गली नं0.04 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद ने बताया कि साहब मैं शराब पीने के लिये भरतनगर शराब के ठेके पर आया था वहाँ पर मुझसे पहले कई लोग शराब लेकर पी रहे थे उनसे मेरी कहासुनी हो गयी थी तब उन चार पाँच लोगों ने मेरे साथ मारपीट कर दी थी जिसमें से एक संजय भी था संजय ने पहले मुझे थप्पड मारा तब मैं गुस्से में अपने घर गया और घर से मुर्गा काटने वाला छुरा लेकर आया जब मैं लौटकर आया तो मुझे अकेला संजय ही मिला और लोग वहाँ से भाग गये थे तब मैंने अपनी बैइज्जती का बदला लेने के लिये संजय पर छुरा से हमला करके उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तारी से बचने के लिये मैं वहाँ से भाग गया था और छिपते छिपाते घूम रहा था कि आज आपने मुझे पकड लिया साहब जिस छुरा से मैंने हत्या की थी वह छुरा मैने आपको दे दिया है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त:-

रामलखन पुत्र कुंवर बहादुर निवासी झलकारी नगर गली नं0.04 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद उम्र करीव 20 वर्ष

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास---

1. मु0अ0सं0 317/25 धारा 103(1) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संजुल पाण्डेय थाना उत्तर, जनपद फिरोजाबाद
2. उ0नि0 सुनील कुमार चौकी प्रभारी आगरा गेट थाना जनपद फिरोजाबाद
3. उ0नि0 अनुज कुमार तिवारी चौकी प्रभारी ककरऊ कोठी थाना उत्तर फिरोजाबाद
4. उ0नि0 विधान चन्द्र चौकी प्रभारी विभव नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद
5. उ0नि0 रितिक शर्मा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद
6. है0का0 409 राकेश कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद
7. का0 1508 दीपक वर्मा थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद
8. का0 363 देवेन्द्र सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद
9. का0 840 प्रेम सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद